*Gates Industrial Corporation plc*

***व्यापार आचरण और नैतिकता की संहिता***

अप्रैल 2019

प्रिय साथियो,

Gates Industrial Corporation plc सर्वोच्च नैतिक और वैधानिक मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम दुनिया भर में शासन और व्यापार करने वाले कई कानूनों और विनियमों के पत्र और भावना दोनों का पालन करने का प्रयास करते हैं और उन कार्यों से बचने के लिए जो असंगतता की उपस्थिति को भी जन्म दे सकते हैं।

ईमानदारी और जवाबदेही के हमारे मूल मूल्यों को हमें अपने दिन-प्रतिदिन की व्यावसायिक गतिविधियों में मार्गदर्शन करना चाहिए। हमारे पिछले प्रयासों और समर्पण के कारण, हमने एक अग्रणी वैश्विक कंपनी बनने के दौरान ईमानदार, नैतिक आचरण के लिए प्रतिष्ठा स्थापित की है। Gates के एक कर्मचारी के रूप में, आपसे इन सिद्धान्तों के अनुसार व्यवसाय करने की उम्मीद की जाती है।

हम अपने साथी कर्मचारियों के साथ जिस तरीके से व्यवहार करते हैं □□ Gates में हमारी संस्कृति के लिए भी केंद्रीय है एक वैश्विक कंपनी के रूप में विविधता हमारी सफलता को संचालित करती है, तथा यह आवश्यक है कि हमारे दैनिक व्यवहार में हमारी बहुत सी अलग-अलग संस्कृतियों और पृष्ठभूमियों के लिए उचित सम्मान प्रदर्शित हो। हमें हमेशा एक दूसरे के साथ उसी तरह से व्यवहार करने का प्रयास करना चाहिए, जैसा हम चाहते हैं।

हमारी आचार संहिता का पालन करने की आपकी प्रतिबद्धता हमारी कंपनी तथा आप में से प्रत्येक को मजबूती प्रदान करती है। आपके समर्पण के लिए धन्यवाद।

Ivo Jurek
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Gates Industrial Corporation plc

विषय-सूची


1. व्यावसायिक आचरण और नैतिकता के सिद्धांत ........ 1

2. कानूनों का अनुपालन ........ 2

2.1 सामान्यत ........ 2

2.2 सरकारी अधिकारियों और सरकारी एजेंसियों के साथ व्यवहार- भ्रष्टाचार विरोधी तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विनियमन ........ 2

2.3 भेदिया कारोबार ........ 3

2.4 कर की रिपोर्टिंग ........ 3

2.5 ऋण ........ 4

3. हितों का टकराव ........ 4

3.1 सामान्यत ........ 4

3.2 कंपनी के बाहर की गतिविधियाँ ........ 5

4. कंपनी व्यवसाय के अवसर ........ 5

5. गोपनीयता ........ 6

5.1 गोपनीय जानकारी ........ 6

5.2 वैयक्तिक डेटा ........ 7

6. गुणवत्ता ........ 7

7. निष्पक्ष व्यवहार ........ 8

7.1 निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा और स्पर्धारोधी तथा निष्पक्ष प्रतियोगिता संबंधी कानूनों का अनुपालन ........ 8

7.2 कर्मचारी का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ........ 9

7.3 न्यायसंगत बर्ताव ........ 9

7.4 विविधता और समावेशन ........ 10

7.5 वातावरण ........ 10

7.6 आपूर्तिकर्ता और ग्राहक संबंध ........ 10

7.7 मानवाधिकार ........ 11

8. कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और प्रयोग ........ 11

8.1 कंपनी की संपत्तियों का प्रयोग ........ 11

8.2 राजनीतिक और धर्मार्थ गतिविधियाँ ........ 12

8.3 वित्तीय नियंत्रण ........ 12

8.4 बौद्धिक सम्पदा ........ **Error! Bookmark not defined.**

9. सरकारी जाँच-पड़ताल और जानकारी अनुरोध ........ 14

10. अनुपालन और रिपोर्टिंग ........ 14

10.1 अनुपालन ........ 14

10.2 रिपोर्टिंग प्रक्रिया और अन्य पूछताछ ........ 14

11. अनुमोदन और छूटें; संशोधन; व्याख्या ........ 16

## 1. व्यापार आचरण और नैतिकता के सिद्धांत

यह व्यापार आचरण तथा नैतिकता की संहिता (**"संहिता"**) दीर्घकालिक नैतिक आचरण के सिद्धान्तों का वर्णन करती है जिन्हें **Gates Industrial Corporation plc** तथा इसकी सहायक कंपनियों (**"Gates"** या **"कंपनी"**) को यह सुनिश्चित करने के लिए पालन करना चाहिए कि हमारा व्यवसाय ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, जवाबदेही तथा उन देशों के लागू कानूनों, नियमों और विनियमों (**"कानूनों"**) के साथ संचालित किया जाता है जिनमें हम प्रचालन करते हैं। यह संहिता प्रत्येक कंपनी के निदेशक, अधिकारी तथा कर्मचारी पर लागू होती है, एवं कंपनी के सभी कर्मियों को संहिता तथा सभी लागू कंपनी की नीतियों को जानना और इनका पालन करना चाहिए। इस संहिता के उद्देश्य के लिए, "निदेशकों" और "अधिकारियों" के लिए सभी संदर्भ Gates Industrial Corporation plc के निदेशकों का बोर्ड ("बोर्ड") के सदस्य तथा अधिकारी तथा "कर्मचारियों" के लिए संदर्भ सभी कंपनी के कर्मचारी । अतीत के प्रयासों तथा समर्पण के कारण, एक अग्रणी वैश्विक कंपनी होने के दौरान हमने ईमानदारी, नैतिक आचरण के लिए प्रतिष्ठा हासिल की है। हमें इस प्रतिष्ठा पर गर्व करना चाहिए, तथा इसे संरक्षित रखने के लिए हमें मिलकर कार्य करना चाहिए। यह संहिता निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उनके इन कानूनी तथा नैतिक दायित्वों में मदद करने के लिए तैयार की गयी है:

- कानूनों का अनुपालन;
- हितों का टकराव;
- कॉर्पोरेट अवसर ;
- गोपनीयता;
- निष्पक्ष व्यवहार;
- सुरक्षा तथा कंपनी की संपत्तियों का प्रयोग; तथा
- गैरकानूनी या अनैतिक व्यवहार की रिपोर्ट करना।

यह संहिता संपूर्ण नहीं है। बहुत से मामलों में, विभिन्न कंपनी की नीतियों, प्रक्रियाओं तथा दिशानिर्देशों में अधिक विशिष्ट जरूरतें मौजूद होती हैं, जिनमें FD विनियम के साथ कंपनी की नीति तथा प्रक्रिया का अनुपालन, प्रतिभूति ट्रेडिंग नीति तथा मुखबिर नीति शामिल हैं किन्तु इन तक सीमित नहीं हैं, ये नीतियां व्यावसायिक आचरण की नीतियां हैं जोकि पूरक हैं तथा इस संहिता के अलावा हैं। निदेशकों को निदेशकों के आचरणों को विशेष रूप से नियंत्रित करने वाली अतिरिक्त नीतियों हेतु कॉर्पोरेट शासन के दिशानिर्देशों को भी देखना चाहिए। कंपनी के गैर-कर्मचारी निदेशकों के मामले में, इस संहिता का अनुपालन कंपनी के अंतर्नियम तथा कंपनी के साथ हितधारकों के अनुबंध के प्रावधानों के तहत होगा। आप इन नीतियों, प्रक्रियाओं तथा दिशानिर्देशों को अपने प्रबंधक, Gates इंट्रानेट के ग्लोबल पॉलिसीज पृष्ठ ("ग्लोबल पॉलिसीज पृष्ठ" यहाँ उपलब्ध है: https://gateway.gatesint.com/GlobalPolicies/default.aspx) तथा कार्यात्मक विभाग की वेबसाइट (जो यहाँ उपलब्ध है: http://collab.gates.com/tld/SitePages/Home.aspx) से प्राप्त कर सकते हैं। यदि आप किसी स्थिति को संभालने या जवाब देने के बारे में अनिश्चित हैं तो ये संसाधन आपके प्रश्नों के उत्तर देने के लिए भी उपलब्ध हैं। आप इस संहिता ("नैतिकता तथा अनुपालन हॉटलाइन") के खंड 10.2 में उल्लिखित जानकारी का प्रयोग करके कंपनी की नैतिकता तथा अनुपालन हॉटलाइन के माध्यम से प्रश्न या चिंताओं को आगे अनाम रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी इस संहिता का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करता है, वह अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधीन होगा।

## 2. कानूनों का अनुपालन

### 2.1 सामान्यत

Gates अपने व्यवसाय के लिए लागू कानूनों के ढांचे के अंदर प्रचालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। लागू कानूनों को समझने तथा उनका पालन करने की सभी निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है।

कानून का अनुपालन करना हमारी पूरी नैतिक जिम्मेदारी ही नहीं है, बल्कि कंपनी की सफलता के लिए आवश्यक न्यूनतम शर्त है। व्यापार या बाजार की स्थिति कानून के उल्लंघन के लिए कभी भी औचित्य नहीं होती। इसके उल्लंघन से gates तथा आपराधिक दायित्व में शामिल व्यक्ति, विनियामक करवाई तथा सिविल मुक़दमे के अधीन हो सकते है। इसके इलावा कंपनी कुछ सरकारी अनुबंधों के लिए आयोग्य हो सकती है।

यदि आप संस्था या कंपनी की नीति के उल्लंघन सहित, संभावित नैतिक या क़ानूनी उल्लंघन के बारे में जानते है, **तो नीचे खंड 10.2 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र रिपोर्ट करना आपका कर्तव्य है।**

### 2.2 सरकारी अधिकारियों और सरकारी एजेंसियों के साथ व्यवहार- भ्रष्टाचार विरोधी तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विनियमन

हम अपने व्यवसाय के दौरान अंतर्राष्ट्रीय, संघीय, राज्य तथा स्थानीय सरकारों के साथ नियमित रूप से बर्ताव करते हैं। सरकार या सरकारी एजेंसी के साथ किसी लेन-देन में, आपको ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के सर्वोच्च मानकों का पालन करना चाहिए, तथा सभी लागू कानूनों का पालन करना चाहिए। निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ "घनिष्ठता से परहेज करने" के आधार पर व्यवहार करना चाहिए तथा कोई भुगतान, उपहार, रिश्वत, गुप्त कमीशन या किसी सरकारी कर्मचारी, अधिकारी, अभ्यर्थी अथवा राजनीतिक पार्टी के निर्णय अथवा क्रिया को प्रभावित करने के लिए अभीष्ट लाभ सहित कोई मूल्यवान चीज को पेश नहीं करना चाहिए या स्वीकार नहीं करना चाहिए। भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के □□□, "सरकार" और "सरकारी अधिकारी" की परिभाषाएं विस्तृत हैं तथा अक्सर अपेक्षा से अधिक व्यापक हैं।

सरकार या सरकारी अधिकारियों, ग्राहकों अथवा आपूर्तिकर्ताओं को या उनसे रिश्वत या घूस देना या लेना सख्ती से प्रतिबंधित है। सरकारी अधिकारियों को मौखिक या लिखित रूप में दिए गये कथन, प्रस्तुत किए गये रिकॉर्ड तथा उपलब्ध करायी गयी जानकारी सत्य और सटीक होनी चाहिए। सभी बोलियों को सद्भाव में करना चाहिए। इसके अलावा, पूर्व सरकारी कर्मचारियों तथा अधिप्राप्ति अधिकारियों को काम पर रखने वा नियंत्रित करने के विशिष्ट कानून हैं। Gates के कानून विभाग को सरकारी कर्मचारियों या अधिप्राप्ति अधिकारियों के साथ किसी संभावित चर्चाओं को पहले से अनुमोदित करना चाहिए। हमारी भ्रष्टाचार विरोधी नीति ("भ्रष्टाचार विरोधी नीति") तथा उपहार नीति ("उपहार नीति") कंपनी की लागू नीतियों और प्रक्रियाओं को दर्शाती हैं तथा सभी निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को इसका पालन करना चाहिए। भ्रष्टाचार विरोधी तथा उपहार नीति ग्लोबल पॉलिसीज के पृष्ठ पर उपलब्ध हैं।

निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सदैव लागू अधिप्राप्ति, निर्यात, आयात तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों (बहिष्कार विरोधी कानूनों सहित) सभी का पालन करना चाहिए। प्रासंगिक नीतियों की प्रतियां ग्लोबल पॉलिसीज के पृष्ठ पर उपलब्ध हैं।

## 2.3 भेदिया कारोबार

आपको कभी भी "भेदिया कारोबार" में शामिल नहीं होना चाहिए, जोकि जो की शेयरों की खरीद फरोख्त, "महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी" के आधार पर शेयरों, स्टॉक या अन्य प्रतिभूतियों को खरीदना या बेचना अथवा महत्वपूर्ण जानकारी के सार्वजनिक रूप से जारी होने के बाद थोड़ी अवधि के अंदर या थोड़ा पहले एक साथ शेयर, स्टॉक या प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने के द्वारा "निवेश से मानक से अधिक आय प्राप्त करने" का प्रयास करना है।

यह याद रखना जरुरी है कि महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी को रखते हुए न केवल शेयरों, स्टॉक या प्रतिभूतियों में सौदेबाजी करना एक अपराध है, बल्कि दूसरों को इसके लिए प्रोत्साहित करना या अन्य व्यक्ति को महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी देना ("टिप देना") भी सामान्यतः प्रतिभूत कानूनों के तहत अपराध है। ये प्रतिबंध न केवल Gates के शेयर, स्टॉक तथा प्रतिभूतियों के लिए लागू होते हैं बल्कि किसी भी ऐसी कंपनी के शेयर, स्टॉक और प्रतिभूतियों के लिए भी लागू होते हैं जिसका आपके रोजगार या कंपनी के साथ सहभागिता के परिणामस्वरूप विशिष्ट महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी आपके पास है।

"महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक जानकारी" में ऐसी कोई जानकारी शामिल होती है जिसे जनता के लिए उपलब्ध नहीं कराया जाता है तथा जो निवेशक के लिए यह सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण होती है कि शेयर, स्टॉक या अन्य प्रतिभूतियों को खरीदना या बेचना है, अथवा यदि ऐसी जानकारी को सार्वजनिक कर दिया जाता है, तो संबंधित शेयर, स्टॉक या प्रतिभूतियों की कीमत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना हो सकती है।

महत्वपूर्ण जानकारी के उदाहरणों में शामिल हैं किन्तु इ न तक सीमित नहीं हैं:

- तिमाही या वार्षिक परिणाम;
- आय के अनुमानों पर मार्गदर्शन और बाद की तारीख या भविष्य के वित्तीय प्रदर्शन के अन्य अनुमानों पर इस तरह के मार्गदर्शन की पुष्टि करना
- विलय, अधिग्रहण, निविदा प्रस्ताव, संयुक्त उद्यम या परिसंपत्तियों में परिवर्तन; तथा
- उत्पाद तथा प्रौद्योगिकियों के संबंध में महत्वपूर्ण गतिविधियां।

अधिकांश देशों में भेदिया कारोबार अनैतिक तथा आपराधिक अपराध है। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका में, इसका आपराधिक दंड $5 मिलियन, बीस साल तक की जेल की सजा तथा गैरकानूनी तरीके से व्यापार में अर्जित गैरकानूनी लाभ अथवा बचायी गयी क्षति का तीन गुना नागरिक दंड शामिल है। यूके में, इस अपराध के लिए 7 साल की जेल की सजा तथा असीमित जुर्माना लगाया जा सकता है।

पूर्वगामी के अलावा, कंपनी ने एक प्रतिभूति व्यापार नीति को अपनाया है जो इस संहिता को पूरक बनाती है और निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू होती है। आपको इस नीति को इसकी संपूर्णता में पढ़ना चाहिए और समय-समय पर इसे अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए संदर्भित करना चाहिए।

## 2.4 कर की रिपोर्टिंग

Gates, कर प्रयोजनों के लिए यथापेक्षित ऐसे सभी लेन-देन का रिकॉर्ड रखेगी और उनके बारे में रिपोर्ट करेगी जिनका भुगतान नकद में किया जाता है। निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी के रूप में आप जिन कर भत्तों के हकदार हैं उन सभी को सूचीबद्ध किया जाएगा और उनकी घोषणा कर प्रयोजनों के लिए की जाएगी।

Gates किसी भी निर्देशक, अधिकारी, कर्मचारी और कंपनी की ओर से काम करने वाले किसी भी तीसरे पक्ष को कर चोरी की गतिविधियों में शामिल होने या कार्य करने से प्रतिबंध करते है।

**2.5 ऋण**

लागू कानूनों के अनुसार, कंपनी, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, किसी भी सहायक के माध्यम से Gates Industrial Corporation plc के किसी निदेशक या कार्यपालक अधिकारी (या उसके समतुल्य) को ऋण का विस्तार या रखरखाव, ऋण के विस्तार की व्यवस्था, या व्यक्तिगत ऋण के रूप में या किसी के लिए ऋण के विस्तार को नवीनीकृत नहीं करेगी। इसके अलावा, सभी निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों और उनके तत्काल परिवार के सदस्यों के दायित्वों के लिए ऋण, या गारंटी, ब्याज की उलझनें विशेष चिंता का विषय होंगी।

**3. हितों का टकराव**

**3.1 सामान्यत**

हितों का टकराव तब होता है, जब आपके व्यक्तिगत, सामाजिक या वित्तीय हित किसी भी तरह से आपकी कंपनी के सर्वोत्तम हित के कार्य करने की क्षमता में हस्तक्षेप करते हैं (या हस्तक्षेप करते प्रतीत होते हैं)। सभी कर्मचारियों को Gates के सर्वोत्तम हित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए, व्यक्तिगत विचार या संबंधों को इस पर हावी नहीं होने देना चाहिए । निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या प्रतियोगियों में वित्तीय रुचि नहीं रखनी चाहिए। सबसे आम प्रकार के वित्तीय हितों में शेयर □□ □□□□□□□, स्टॉक, बॉन्ड या नोट, कोई साझेदारी हित या कोई ट्रस्ट या अन्य माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित सम्मिलित हैं। एक वित्तीय हित, इस हद तक एक समस्या हो सकती है कि यह हितों के टकराव या Gates के लिए आपकी जिम्मेदारियों के साथ हितों के टकराव की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। आम तौर पर, व्यापक सार्वजनिक कंपनियों □□□, जैसे कि न्यूयॉर्क और लंदन स्टॉक एक्सचेंजों में कारोबार करने वाले शेयर या स्टॉक के मामले से हितों का टकराव नहीं होता, बशर्ते कि आप उस कंपनी के फैसले या नियंत्रण नहीं कर रहे है। निदेशकों को कंपनी के निदेशकों के रूप में जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।

निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को Gates के कानून विभाग के किसी भी संभावित हितों के टकराव का खुलासा करना चाहिए ताकि कंपनी को विश्वास हो सके हित में टकराव है या नहीं। निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी कंपनी के लेन-देन का खुलासा करना होगा कि यदि ऐसा व्यक्ति लेन-देन को प्रभावित करने की स्थिति में है और लेन-देन के परिणामस्वरूप ऐसे व्यक्ति को व्यक्तिगत लाभ हो सकता है, या ऐसे व्यक्ति के जीवनसाथी या रिश्तेदार जैसे भाई-बहन , माता-पिता, ससुराल, घर का सदस्य, या करीबी निजी दोस्त (या अन्य कोई भी व्यक्ति, "संबंधित पार्टी") को लाभ हो। उदाहरण के लिए, कंपनी लेन-देन का खुलासा किया जाना चाहिए यदि:

(i) ऐसे निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी लेन-देन से आर्थिक रूप से या अन्यथा लाभान्वित होंगे;

(ii) सौदा करने वाली पार्टी एक संबंधित पार्टी है; या

(iii) ऐसे निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी के पास या संबंधित पक्ष के पास लेन-देन के लिए वित्तीय या प्रतिपक्ष में स्वामित्व हित है।

निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को तब भी हित टकराव स्थिति का खुलासा करना चाहिए यदि:

(i) ऐसे निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी संबंधित पार्टी से जुड़े रोजगार के निर्णय लेने या उसे प्रभावित करने की स्थिति में हैं;

(ii) एक संबंधित पार्टी व्यापार समूह में एक पद के लिए विचाराधीन है कि इस तरह के निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी प्रबंधन या पर्यवेक्षण करते हैं; या

(iii) ऐसे निर्देशक, अधिकारी या कर्मचारी अधीनस्थ के साथ रोमांटिक संबंध विकसित कर रहे हैं।

हित टकराव का खुलासा करने और इसे दुरुस्त कर ने के लिए की जाने वाली प्रक्रिया और फ़ॉर्म के बारे में अतिरिक्त विवरण के लिए वैश्विक नीतियां पृष्ठ पर हित टकराव खुलासा प्रक्रियाओं को देखें।

**3.2 कंपनी के बाहर की गतिविधियाँ**

हालांकि Gates के कर्मचारियों को काम के घंटों के अतिरिक्त समय के दौरान कानूनी गतिविधियों में संलग्न होने से कोई रोक नहीं है, लेकिन कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी बाहरी गतिविधियां कंपनी के लिए उनकी जिम्मेदारियों को प्रभावित ना करें या Gates की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव ना पड़े। उदाहरण के लिए, कंपनी के अनुमोदन के बिना, Gates के कर्मचारी आमतौर पर निम्नलिखित नहीं कर सकता है:

- स्व-रोजगार या अन्य के लिए भुगतान वाले या अवैतनिक काम करना, जिसकी प्रतिस्पर्धा Gates के साथ हो या जो Gates के हित प्रभावित कर सके;
- निजी लाभ के लिए या कंपनी के नुकसान के लिए कंपनी की मालिकाना या गोपनीय जानकारी का उप योग करना;
- कंपनी की संपत्ति या श्रम का उपयोग करना, सिवाय उनके जिनकी कंपनी नीतियों के तहत आकस्मिक उपयोग के लिए अनुमति हो; या
- कंपनी को बेचने या उसे किराए पर देने के उद्देश्य से किसी भी प्रकार की संपत्ति या संपत्ति में कोई हित ना हो।

**4. कंपनी व्यवसाय के अवसर**

निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे मौका मिलने पर कंपनी के वैध व्यावसायिक हितों का संवर्धन करें। निदेशक, अधिकारी और कर्मचारी,कंपनी की संपत्ति, जानकारी या हैसियत का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए या कंपनी के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा, निदेशक, अधिकारी और कर्मचारी अपने लिए किसी ऐसे व्यवसाय के अवसर का लाभ नहीं उठा सकते हैं (या किसी अन्य व्यक्ति को निदेशित नहीं कर सकते हैं) जिसका पता कंपनी की संपत्ति या जानकारी के उपयोग के जरिए या उस व्यक्ति की हैसियत के जरिए लगा हो जो उसे Gates के हित में हो सकने का युक्तियुक्त रूप से विश्वास करता/करती है। ये अवसर Gates के सम्मुख तब आते हैं जब :

- कंपनी को अवसर प्रदान किया जाता है या वह उसका अनुसरण करती है;
- अवसर कंपनी के उद्योग या व्यवसाय क्षेत्र में है;
- कंपनी के पास समर्पित कार्मिक या विकास करने के लिए सुविधाएं हैं; या
- कंपनी ने उसमें संसाधन या निधि लगाई है।

## 5. गोपनीयता

### 5.1 गोपनीय जानकारी

यह महत्वपूर्ण है कि गोपनीय जानकारी गोपनीय रहे। गोपनीय जानकारी में ऐसी जानकारी शामिल है जो जनता को उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसमें Gates की वर्तमान या प्रत्याशित व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी शामिल हो सकती है, लेकिन जो इन तक सीमित नहीं हो सकती है:

- प्रचालन;
- मूल्य निर्धारण;
- उपलब्धियां;
- प्रक्रियाएं;
- वित्तीय निष्पादन और डेटा;
- संभावनाएं;
- व्यवसाय रहस्य और "विशेषज्ञता"
- अधिग्रहण और विभाजन के अवसर ;
- अनुसंधान और विकास;
- ग्राहक और आपूर्तिकर्ता संबंधी जानकारी;
- कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य व्यक्तियों से प्राप्त व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी; तक सीमित नहीं है।
- किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कोई गैर–सार्वजनिक जानकारी इस उम्मीद के साथ दी जाती है कि जानकारी गोपनीय रखी जाएगी; तथा
- संगठनात्मक चार्ट और/या हमारे कर्मचारियों की पहचान, उनकी भूमिका, प्रतिकर या अनुभव के बारे में कोई अन्य जानकारी।

आपको दोस्तों, रिश्तेदारों या अन्य गैर-कर्मचारियों के साथ अथवा किसी भी सार्वजनिक स्थान, यथा लिफ्ट, सार्वजनिक परिवहन (हवाई जहाज सहित) या रेस्तरां में गोपनीय कार्य मामलों पर चर्चा नहीं करनी चाहिए।

कोई भी निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी कंपनी की गोपनीय या मालिकाना जानकारी को कंपनी के भीतर या बाहर किसी को नहीं बता सकता, जब तक (1) प्राप्तकर्ता, कंपनी का कर्मचारी हो और उसे सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए उस जानकारी की आवश्यकता हो, या (2) प्राप्तकर्ता, कोई गैर-कर्मचारी अन्य व्यक्ति हो जिसे इस तरह की जानकारी प्राप्त करने के लिए कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा समुचित रूप से अधिकृत किया गया हो । गैर-कर्मचारियों, यथा- वित्तीय विश्लेषकों, क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियों, पत्रकारों और मीडिया द्वारा Gates के बारे में की जाने वाली सभी पूछताछ को विनियमन FD के अनुपालन के लिए कंपनी की नीति और प्रक्रियाओं के अनुसार निपटाना चाहिए। इसके अलावा, रखे गए अधिकांश कर्मचारियों से एक पृथक् गोपनीयता करार पर हस्ताक्षर करवाने की जरूरत है। यदि आपको इस तरह के किसी करार पर हस्ताक्षर करने के बारे में याद नहीं है, तो अपने व्यवसाय यूनिट के लिए लागू किन्हीं दस्तावेजों या नीतियों की एक प्रति हेतु अपने मानव संसाधन विभाग से परामर्श करें।

कंपनी में नियोजन या उसकी सेवा छोड़ते है, तो आपको अपने कब्जे में रहने वाली सभी गोपनीय जानकारी लौटानी चाहिए और कंपनी में नियोजन या उसकी सेवा के दौरान सीखी गई किसी भी गोपनीय जानकारी की रक्षा करते रहनी चाहिए। अपने पिछले नियोजन के दौरान अर्जित जानकारी के प्रति भी उसी सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए।

पूर्व में कही गई बातों के होते हुए भी, और वर्त्तमान या पूर्ववर्ती कर्मचारियों पर लागू कोई अन्य गोपनीयता या अप्रकटीकरण करार के होते हुए भी (चाहे लिखित रूप में या अन्यथा, किसी नियोजन करार, पृथक्करण करार या सामान नियोजन या प्रतिकर ठहराव के अंश के रूप में बिना परिसीमा सहित), यह संहिता किसी वर्त्तमान या पूर्ववती कर्मचारी को किसी U.S. संघीय, राज्य या स्थानीय विधि या विनियम के संभावित अतिक्रमण की बाबत किसी U.S. संघीय, राज्य या स्थानीय शासन या विधि प्रवर्तन शाखा,एजेंसी या सत्ता को (सामूहिक रूप से, कोई "सरकारी सत्ता") संसूचित करने, उसके साथ सहयोग करने या उसके पास शिकायत करने, या अन्यथा किसी सरकारी सत्ता के समक्ष, ऐसे प्रत्येक मामले में, प्रकटीकरण करने से निर्बन्धित नहीं करती जो ऐसी किसी विधि या विनियम के किन्हीं व्हिसलब्लोअर उपबंधों के अधीन संरक्षित हैं, बशर्ते (i) प्रत्येक मामले में ऐसी संसूचना एवं प्रकटीकरण लागू विधि के संगत हों और (ii) वर्तमान या पूर्ववर्ती कर्मचारी द्वारा ऐसे प्रकटीकरण के अध्यधीन रहने वाली जानकारी के बारे में सूचना संपर्क करके प्राप्त नहीं की गई हो जबकि वह अटर्नी–मुवक्किल के विशेषाधिकार के अधीन था और उस जानकारी के ऐसे प्रकटीकरण की अनुमति लागू राज्य अटर्नी आचरण नियम, 17 CFR 205.3(d)(2), के अनुसरण में या अन्यथा किसी अटर्नी द्वारा ही दी जानी थी। पूर्ववर्ती बातों के प्रतिकूल किए गए किसी करार को कंपनी द्वारा एतद्वारा संशोधित समझा जाता है जिससे कि वह पूर्ववर्ती बातों के संगत हो जाए।

### 5.2 व्यक्तिगत डेटा

हम अपने व्यवसाय के दौरान बड़ी संख्या में लोगों का व्यक्तिगत डेटा प्राप्त एवं धारित करते हैं। कंपनी के कर्मचारियों के बारे में व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंच Gates के भीतर के ऐसे व्यक्तियों तक सीमित है जिनको "जानने की आवश्यकता" है और यह अन्य कर्मचारियों या अन्य व्यक्तियों को केवल वैध और आवश्यक व्यावसायिक प्रयोजन के लिए या वैध जांच या विधिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रेषित की जाएगी। जो कर्मचारी व्यक्तिगत जानकारी के अनुरक्षण के लिए ज़िम्मेदार हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जानकारी का प्रकटीकरण अनुचित रूप से न हो या उसका दुरुपयोग न हो । कृपया अधिक जानकारी के लिए ग्लोबल पॉलिसीज पेज में Gates Industrial Europe SARL गोपनीयता नीति सहित Gates ग्लोबल आतंरिक गोपनीयता सिद्धांत एवं विशेष क्षेत्रीय नीति का अवलोकन करें।

यदि आप हमारे द्वारा धारित अपना वैयक्तिक डेटा देखना चाहते हैं या ऐसे डेटा से संबंधित कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं तो कृपया privacy@gates.com पर संपर्क करें।

## 6. गुणवत्ता

Gates में गुणवत्ता की विशेष अहमियत है। हमारी संस्कृति अपने गुणवत्ता मानकों को प्राप्त करने पर अनुशासित ध्यान केंद्रित करने की है। हमारे कर्मचारी ग्राहकों की अपेक्षाओं का लगातार अनुमान लगाने और ग्राहकों की अपेक्षाओं से अधिक मुहैया करने के लिए सशक्त हैं। Gates हमारे उत्पाद, सिस्टम और सेवा की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 7. निष्पक्ष व्यवहार

### 7.1 निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा और स्पर्धारोधी तथा निष्पक्ष प्रतियोगिता संबंधी कानूनों का अनुपालन

हम निष्पक्ष वैश्विक व्यापारिक प्रथाओं का समर्थन करते हैं जो मुक्त उद्यम को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। Gates के वैश्विक स्पर्धारोधी और निष्पक्ष प्रतियोगिता के सिद्धांत तथा संबंधित क्षेत्रीय नीतियां प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने व मुक्त उद्यम व्यापार प्रणाली हेतु इस प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, और ये वैश्विक नीतियों के पृष्ठ पर उपलब्ध हैं।सभी लागू स्पर्धारोधी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा कानूनों की पूरी तरह से पालन करना हमारी निति है

कई देशों में, प्रतियोगियों के बीच वसूली जाने वाली कीमतों, प्रतिस्पर्धी बोली, ग्राहकों को अध्येषित करने के लिए या भौगोलिक क्षेत्रों में दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में होने वाले समझौते प्रतिबंधित हैं। गैर-प्रतिस्पर्धी विरोधी व्यवहार के उदाहरणों में शामिल हैं:

- प्रतिस्पर्धियों के साथ बोलियों का समन्वय;
- ग्राहकों या बाजारों को आवंटित करना;
- मूल्य सीमा या न्यूनतम या अधिकतम मूल्य तय करना;
- उत्पादन को सीमित करना या वितरण कार्यक्रम को सीमित करना;
- छूट, कटौती, या ऋण शर्तों को तय करना;
- कुछ आपूर्तिकर्ताओं या ग्राहकों का बहिष्कार करने हेतु सहमत होना; तथा
- लाभ, लागत, मूल्य या बिक्री के अन्य नियमों या शर्तों से संबंधित जानकारी का आदान-प्रदान करना।

इन कानूनों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप कंपनी तथा उसके कर्मचारियों पर गंभीर आपराधिक एवं नागरिक दंड लगाया जा सकता है।

विभिन्न अधिकार-क्षेत्र जिनमें Gates व्यवसाय करते हैं, स्पर्धारोधी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा संबंधी कानूनों की आवश्यकताओं को समझना मुश्किल हो सकता है। प्रतियोगी के साथ किसी भी प्रकार का संबंध खतरनाक हो सकता है। कानूनी रूप से चुनौती दिए जाने हेतु प्रतियोगियों के बीच कोई भी समझौता लिखित या विधि पूर्वक होना आवश्यक नहीं है। अवैध समझौतों पर अक्सर "थोड़ी सी बातचीत", "आकस्मिक चर्चा" और "व्यापार की जानकारी" के हानिरहित आदान-प्रदान के परिस्थिति जन्य साक्ष्य के माध्यम से मुकदमा चलाया जाता है। आपको इस तरह की चर्चाओं से बचना चाहिए, चाहे वे एक बड़े, औपचारिक समूह में हों या सामाजिक व्यवस्था में जैसे कि व्यापार संघ की बैठक के बाद की सभाएं हों। व्यापार समूह की गतिविधियों में भाग लेने या जिन सहयोगी परियोजनाओं में प्रतियोगी शामिल हो, यहां तक कि जब ऐसी परियोजनाएं सार्वजनिक हित के लिए हो तो भी आपको सतर्क रहना चाहिए।

यदि कोई प्रतियोगी प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील विषय या किसी अन्य मामले पर बात करता है जिसे लेकर आपको यह विश्वास है कि यह स्पर्धारोधी या निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा कानूनों या कंपनी की नीति का उल्लंघन करती है, तो आपको इस पर चर्चा करने से तुरंत और दृढ़ता से मना कर देना चाहिए और अपने व्यवसाय इकाई के भीतर उपयुक्त व्यक्ति को सूचित करना चाहिए, या जल्द से जल्द नैतिकता एवं अनुपालन हॉटलाइन को कॉल करना चाहिए।

### 7.2 कर्मचारी का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

हम कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं को शून्य करने के लक्ष्य के साथ सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। स्वस्थ एवं सुरक्षित कार्य माहौल और दुर्घटना की रोकथाम हमारे व्यवसाय के संचालन हेतु महत्वपूर्ण है। हमें सभी लागू स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कानूनों का पूरी तरह से पालन करना चाहिए। यदि आप जिस माहौल में कार्य करते हैं वह किसी भी कारण से असुरक्षित या भयसूचक हो तो आपको खुद को तुरंत ऐसा करने से रोकना चाहिए और इस प्रकार की समस्या की रिपोर्ट करने हेतु, या आचार संहिता और अनुपालन हॉटलाइन का उपयोग करने के लिए अपनी व्यावसायिक इकाई के भीतर उपयुक्त व्यक्ति को सूचित करना चाहिए।

आपकी यह जिम्मेदारी है कि:

- कार्य हेतु सुरक्षित वातावरण बनाए रखकर घटनाओं और दुर्घटनाओं को रोके;
- सुरक्षित कार्य प्रक्रियाओं तथा प्रथाओं का पालन करें;
- दूसरों के लिए उदाहरण बने;
- असुरक्षित स्थितियों को पहचानना सीखें; तथा
- घटनाओं, दुर्घटनाओं या असुरक्षित कार्य स्थितियों या शारीरिक या भावनात्मक रूप से अपमानजनक स्थितियों की रिपोर्ट करें।

शराब या नियंत्रित पदार्थों के प्रभाव में कार्य करने वाले कर्मचारी खुद को, अन्य कर्मचारियों तथा आम जनता के लिए ख़तरा पैदा करते हैं। कंपनी कार्यस्थल पर या कंपनी के किसी कार्य के लिए मोटर वाहन या अन्य मशीनरी का संचालन करते समय किसी भी कर्मचारी द्वारा शराब और नियंत्रित पदार्थों के प्रभाव तथा उपयोग को रोकती है। हालांकि, कर्मचारी कंपनी के अधिकृत समारोह या मनोरंजन जैसे कुछ वैध व्यापारिक व्यवस्था के तहत शराब का सेवन कर सकते हैं। हालांकि, हर समय , कर्मचारियों को जिम्मेदारी से कार्य करने तथा कम मात्रा में शराब का सेवन करने के लिए कहा जाता है।

कंपनी ऐसे कार्यस्थल को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है जो हिंसा या हिंसा के खतरे से मुक्त हो। Gates अपने किसी भी कार्य स्थल पर हिंसा के कार्य और/या खतरों को *बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं* करती है। कोई भी हिंसक व्यवहार या कार्य जिससे हिंसा, शत्रुता, या धमकी का माहौल बनता हो, उसके कारण की परवाह किए बिना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारी किसी भी समय कंपनी की इमारत में हथियार लेकर नहीं आ सकते हैं। हिंसक वारदातों की संभावनाओं को कम करने हेतु सक्रिय कदम उठाए जाएंगे। हिंसा के प्रत्येक अधिनियम या खतरे का परिणाम तत्काल और दृढ़ प्रतिक्रिया के रूप में होगा जिसमें Gates के साथ कार्य करने को रद्द करना भी शामिल हो सकता है। यह प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वह किसी भी धमकी भरे व्यवहार की सूचना तुरंत प्रबंधन को दें।

### 7.3 **समन्याय** व्यवहार

हम अपने व्यवसाय में संलग्न सभी कर्मचारियों तथा योग्य आवेदकों के साथ समान व्यवहार करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। रोजगार के सभी पहलुओं में समान अवसर हमारी सबसे मजबूत तथा बुनियादी मान्यताओं में से एक है और हम किसी भी अवैध भेदभाव, उत्पीड़न या प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

यह हम में से प्रत्येक की जिम्मेदारी है कि Gates को अवैध भेदभाव, उत्पीड़न, प्रतिशोध, दुर्व्यवहार (शारीरिक या किसी अन्य प्रकार का), अनादर, अव्यवस्था, व्यवधान या अन्य गैर-पेशेवर आचरण से मुक्त कार्य का माहौल प्रदान करने में मदद करें। कंपनी

कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या किसी अन्य व्यावसायिक संपर्कों से निपटने में उम्र, नस्ल, रंग, लिंग, यौन उन्मुखीकरण, लिंग पहचान या अभिव्यक्ति, ट्रांसजेंडर संबंधी स्थिति, धर्म, राष्ट्रीयता, वंश, नागरिकता, विकलांगता, वयोवृद्ध या वैवाहिक स्थिति, आनुवंशिक जानकारी, गर्भावस्था, प्रसव या संबंधित चिकित्सा स्थितियों, या संघीय, राज्य या स्थानीय कानून (सामूहिक रूप से, "संरक्षित श्रेणियां") द्वारा संरक्षित किसी अन्य लागू स्थिति के आधार पर भेदभाव या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेगी। कंपनी सह-कर्मियों, पर्यवेक्षकों, ग्राहकों, विक्रेताओं या अन्य व्यक्तियों द्वारा किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेगी और न ही किसी ऐसी कंपनी के साथ कारोबार करेगी। इस नीति का कोई भी उल्लंघन उचित अनुशासन के अधीन है, जिसमें रोजगार की समाप्ति भी शामिल है। यदि आपको इस नीति के किसी भी उल्लंघन का पता चलता है, तो आपको अपनी व्यावसायिक इकाई के भीतर उपयुक्त व्यक्ति को सूचित करना चाहिए या नैतिकता एवं अनुपालन हॉटलाइन पर कॉल करना चाहिए।

### 7.4 विविधता और समावेशन

Gates में कर्मचारी विविधता हमारे व्यावसायिक उद्देश्यों को प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण घटक है। हमारा विविधतापूर्ण कर्मचारी आधार हमें दुनिया भर के अपने ग्राहकों की सेवा करने में अधिक नवप्रवर्तक और प्रभावी बनाता है। हम एक खुले, समावेशी और सम्मानजनक कार्य वातावरण के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

### 7.5 वातावरण

हम अपने विश्वव्यापी संचालन को प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कर्मचारियों पर लागू पर्यावरणीय कानूनों और मानकों का पालन करने की जिम्मेदारी है। ठोस और खतरनाक कचरे को हमेशा जिम्मेदारी के साथ और लागू कानून के अनुसार नियंत्रित किया जाना होता है। कर्मचारियों को जब भी संभव हो पर्यावरण के प्रति जागरूक और टिकाऊ अभ्यासों में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

यदि आपको किसी भी लागू पर्यावरण कानून के किसी भी उल्लंघन के बारे में पता लगता है, तो आपको तुरंत अपने व्यवसाय इकाई के भीतर उपयुक्त व्यक्ति को सूचित करना या नैतिकता और अनुपालन हॉटलाइन को कॉल करना चाहिए।

### 7.6 प्रदायक और ग्राहक संबंध

हम वैध, कुशल और उचित अभ्यासों को आपूर्तिकर्ता और ग्राहक संबंधों का आधार बनाते हैं।हमारे आपूर्तिकर्ता संबंधों की गुणवत्ता का अक्सर हमारे ग्राहक संबंधों की गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ता है। Gates आपूर्तिकर्ता आचार संहिता ऐसे दिशानिर्देशों को निर्धारित करती है जिनका आपूर्तिकर्ता संबंधों को स्थापित करने और बनाए रखने के संबंध में आपको अवश्य पालन करना चाहिए।यह नीति https://www.gates.com/us/en/about-us/policies पर देखी जा सकती है।

निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों के साथ उचित और ईमानदार आधार पर व्यवहार करना चाहिए।हमारे उत्पादों और सेवाओं को उनकी खूबियों पर बेचना और प्रतियोगियों के उत्पादों और सेवाओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने से बचना Gates की नीति है। जब चरित्र, वित्तीय स्थिति या प्रतियोगियों की संभावित कानूनी या नियामक समस्याओं पर टिप्पणी करने की बात आती है, तो निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को सावधान रहना चाहिए।

खरीदना और बेचना किसी भी लालच, रिश्वत, गुप्त कमीशन, उपहार या □□□□□ से मुक्त, "हाथ की लंबाई" के आधार पर किया जाना चाहिए। जहां कानूनी रूप से अनुमति दी गई है और कंपनी की नीतियों और स्थानीय व्यापार प्रथाओं के अनुसार, व्यवसाय करने वाले या कंपनी के साथ व्यापार करने के इच्छुक व्यक्तियों से मामूली उपहारों और उचित मनोरंजन का लेन-देन किया जा सकता है।कोई अनुमत उपहार या मनोरंजन ऐसी प्रकृति या मूल्य का नहीं होना चाहिए, जिससे प्राप्तकर्ता को वास्तविक व्यक्तिगत धनलाभ का गठन होता हो या प्राप्तकर्ता के हिस्से पर एक दायित्व (चाहे कथित या वास्तविक) बनता हो, या कि आम लोगों की धारणा में कंपनी या दाता या प्राप्तकर्ता की प्रतिकूल छवि बनाता हो। नकद या नकद समतुल्य (उपहार कार्ड सहित) दिए या स्वीकार किए जाने योग्य नहीं हैं। हालांकि, Gates का मानना है कि कर्मचारियों के कंपनी के बाहर व्यक्तिगत संबंध होते हैं और ऐसी कई परिस्थितियां आती हैं जिनमें व्यक्तिगत और व्यावसायिक संबंध ओवरलैप हो सकते हैं। कर्मचारियों को उन रिश्तों के संदर्भ में, दिए और प्राप्त किए जाने वाले उपहारों के संबंध में विचारशील होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि सुनिश्चित हो सके कि वे कानूनी तथा उचित हैं, और परिस्थितियों के अनुसार उन्हें पर्याप्त उचित माना जाएगा। उपहार, मनोरंजन और आतिथ्य के बारे में कंपनी की नीतियों के बारे में अधिक विस्तृत दिशा-निर्देशों के लिए, वैश्विक नीतियों के पेज पर स्थित Gates उपहार नीति और भ्रष्टाचार विरोधी नीति की धारा 4 को देखें।

निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को वंचितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के स्वामित्व वाले आपूर्तिकर्ता व्यवसायों को शामिल करते हुए, हमारी क्रय मात्रा की आपूर्ति में एक हिस्सा प्राप्त करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं को हमेशा एक प्रतिस्पर्धी अवसर प्रदान करना चाहिए, और यह सुनिश्चित करने में कि हम गुणवत्ता, लागत और वितरण में ग्राहकों की अपेक्षाओं को लगातार पूरा करते और उससे बढ़कर रहते हैं, आपूर्तिकर्ता सहायता प्रदान करते हैं।

आप प्राधिकरण के बिना कोई भी ऐसा समझौता नहीं कर सकते हैं जिससे कंपनी बाध्य होती है।कंपनी ने अनुबंध और हस्ताक्षर अनुमोदन नीतियां स्थापित किया है जो उन व्यक्तियों की पहचान करती हैं जिनको Gates पर बाध्यकारी कुछ अनुबंधों को अनुमोदित करने ("प्राधिकरण का प्रतिनिधिमंडल") और उन पर हस्ताक्षर करने का अधिकार है, और उन नीतियों को Gates इंट्रानेट के कर्मचारी टूलबॉक्स अनुभाग के तहत मेन्टेन रखा जाता है। किसी दिए गए अनुबंध के लिए प्राधिकरण का अधिकार किस कर्मचारी के पास है यदि इसके बारे में कोई प्रश्न है, तो Gates के कॉर्पोरेट वित्त विभाग से संपर्क करें।किसी दिए गए अनुबंध के लिए हस्ताक्षर का अधिकार किस कर्मचारी के पास है यदि इसके बारे में कोई प्रश्न है, तो Gates के क़ानून विभाग से संपर्क करें।

### 7.7 मानवाधिकार

हम अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के अनुसार मानव अधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। Gates सुनिश्चित करेगी कि हमारे उत्पादों का निर्माण, उन्हें बनाने वाले लोगों और जिन समुदायों में वे बनते हैं, उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने वाली परिस्थितियों में होता है। कंपनी ने एक मानवाधिकार नीति अपनाई है।मानवाधिकार नीति की एक प्रति वैश्विक नीति पृष्ठ पर उपलब्ध है।

## 8. कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और प्रयोग

### 8.1 कंपनी की संपत्तियों का प्रयोग

हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता को उन्नत करने के लिए हम कंप्यूटर, प्रतिच्छाया मशीन, फोटोकॉपियर और अन्य व्यावसायिक प्रणालियों और उपकरणों का उपयोग करते हैं। आपको इन प्रणालियों और उपकरणों का उपयोग Gates के व्यवसाय से संबंधित उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए करना चाहिए।हालांकि कर्मचारियों को आम तौर पर आकस्मिक व्यक्तिगत

उद्देश्यों के लिए इन संसाधनों और प्रणालियों का उपयोग करने की अनुमति है, उन्हें इनका उपयोग एक जिम्मेदारीपूर्ण और ऐसे तरीके से करना चाहिए जिससे उन्हें या कंपनी को नुकसान, देयता या क्षति की संभावना न हो।इन सभी प्रणालियों और उपकरणों का उपयोग कंपनी के एकमात्र विवेकाधिकार के आधीन है और इसे वैश्विक नीति पृष्ठ पर दिए गए लागू कानूनों और Gates की स्वीकार्य उपयोग नीति, उपकरणों की दोहरा-उपयोग नीति और अन्य प्रौद्योगिकी नीतियों का अनुपालन करना चाहिए। आमतौर पर , कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुरूप कंपनी की विभिन्न तकनीकों तक पहुँच प्रदान की गई होती है।कंपनी के पास इस तरह की पहुँच को किसी भी तरह से सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसमें पहुँच को पूरी तरह से रद्द करना भी शामिल है। इस नीति के उल्लंघन के लिए आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी हो सकती है और रोजगार को समाप्त भी किया जा सकता है।

सभी संदेश, दस्तावेज़, डेटा और अन्य सामग्री, जो हमारे सिस्टम या उपकरण द्वारा सृजित या उसमें संग्रहीत हैं, कंपनी की संपत्ति हैं। लागू कानूनों के तहत , किसी भी समय , आपको सूचित कर के या बिना किसी सूचना के हम इस तरह की सामग्री को देख सकते, समीक्षा, निगरानी और/या खुलासा कर सकते हैं। इसमें सभी ई-मेल संदेश और इंटरनेट का उपयोग शामिल है।

### 8.2 राजनीतिक और धर्मार्थ गतिविधियाँ

संयुक्त राज्य अमेरिका या दुनिया के किसी भी देश की किसी भी राजनीतिक पार्टी, राजनीतिक अभियान, राजनीतिक उम्मीदवार या सार्वजनिक अधिकारी या किसी धर्मार्थ संस्थान में कंपनी के फंड या संपत्ति का उपयोग कर कोई भी योगदान नहीं किया जा सकता है, जब तक कि यह योगदान वैध और स्पष्ट रूप से अधिकृत नहीं होता। सरकारी अधिकारियों के तरफ से या उनके निर्देश या सुझाव के आधार पर दिए गए किसी भी धर्मार्थ योगदान का कंपनी और इसमें शामिल कर्मचारियों के लिए विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम और यूके रिश्वत अधिनियम सहित विभिन्न भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों के तहत गंभीर परिणाम हो सकता है। इसलिए, कंपनी की नीति यह है कि दान का उपयोग सरकारी अधिकारी या निजी व्यक्ति को व्यक्तिगत लाभ प्रदान करने के अप्रत्यक्ष तरीके के रूप में नहीं किया जा सकता है। अतिरिक्त दिशानिर्देशों के लिए भ्रष्टाचार निरोधक नीति की धारा 6.0 देखें।

इस संहिता में कुछ भी आपको अपने स्वयं के समय या धन को राजनीतिक दलों या अपनी पसंद के उम्मीदवारों को योगदान करने से हतोत्साहित नहीं करता है और कंपनी कर्मचारियों द्वारा योगदान देने और सामुदायिक सेवा में भागीदारी करने और धर्मार्थ योगदानों की प्रशंसा करती है और उसके लिए उन्हें प्रोत्साहित करती है। हालाँकि, आपके द्वारा Gates Industrial Corporation plc Foundation से मेल खाते उपहार कार्यक्रम या इसी तरह के अन्य कार्यक्रम के अनुसार योगदान के अलावा, अपने समय या धन का किसी व्यक्तिगत योगदान के लिए कंपनी द्वारा आपको मुआवजा या प्रतिपूर्ति नहीं दी जाएगी।

### 8.3 वित्तीय नियंत्रण

कंपनी द्वारा, अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग, अमेरिकी राज्य एजेंसियों में दायर या उनको प्रस्तुत किए गए सभी रिपोर्टों और दस्तावेजों में और अन्य सभी सार्वजनिक संचारों में कंपनी द्वारा, लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन में पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक, समय पर और समझने योग्य खुलासे करना, कंपनी की नीति है।

निवेशकों, लेनदारों और अन्य लोगों को कंपनी की वित्तीय जानकारी में एक वैध रुचि होती है। इसके अलावा, एक कंपनी के रूप में जिसका स्टॉक सार्वजनिक रूप से कारोबार में शामिल होता है, वह कंपनी कई कानूनों और विनियमों के अधीन होती है जो हमारे व्यापारिक रिकॉर्ड को नियंत्रित करते हैं, इसमंक यू.एस. प्रतिभूति कानून भी शामिल हैं। कंपनी को सभी लागू कानूनों और लेखांकन प्रथाओं के अनुपालन में अपनी वित्तीय गतिविधियों को रिकॉर्ड करती है तथा किसी भी और सभी सरकारी एजेंसियों को वर्तमान, पूर्ण

और सटीक जानकारी अवश्य प्रदान करती है। Gates की वित्तीय रिपोर्टिंग की अखंडता उस जानकारी की वैधता, सटीकता और पूर्णता पर आधारित है जिस पर हमारे खाते और रिकॉर्ड आधारित हैं। कंपनी को इस तरह की जानकारी का सृजन, प्रसंस्करण या रिकॉर्डिंग में शामिल कर्मचारियों से इसकी अखंडता की जिम्मेदारी लेने की अपेक्षा होती है।सभी कर्मचारियों को प्रबंधन को स्पष्ट रिपोर्ट देना अनिवार्य होता है। अन्य बातों के अलावा, इसके लिए रिपोर्टों में सटीक जानकारी होना और हमारे आंतरिक नियंत्रणों और आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार लेखांकन रिकॉर्ड को ठीक से बनाए रखा जाना आवश्यक है।

पूर्वगामी को सीमित किए बिना, किसी कर्मचारी को यदि गलत चालान या व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करने, चेकों में फर्जीवाड़ा या फेरबदल या परिवर्तन या भुगतानों में हेराफेरी करने, लेन-देन की अनधिकृत हैंडलिंग या रिपोर्टिंग करने, किसी संपत्ति की चोरी या दुरुपयोग, वित्तीय परिणामों को कृत्रिम रूप से बड़ा या कम दर्शाने के उद्देश्य से वित्तीय जानकारी का सृजन या हेरफेर करने, या कंपनी के लेखा परीक्षकों, बोर्ड, या कंपनी के किसी भी संबंधित सहयोगी के निदेशक मंडल के साथ जबरदस्ती, हेरफेर या भ्रमित करने के लिए किसी अनुचित या कपटपूर्ण, छेड़छाड़ या हस्तक्षेप करने में शामिल पाया जाता है तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

कंपनी ने चोरी या दुरूपयोग से अपनी संपत्ति की रक्षा करने के लिए डिज़ाइन किए वित्तीय नियंत्रण, प्रथाओं, और प्रक्रियाओं को विकसित किया है।सभी कर्मचारियों पर, भले ही वे वित्त या संबंधित विभाग में कार्यरत हैं या नहीं, संदिग्ध गतिविधि की पहचान करने की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यदि आपको संभावित अनुचित कार्यवाहियों के बारे में पता चलता है या आप इसके बारे में चिंचित हैं, जिसमें ऐसा कुछ करने के लिए कहा जा रहा है जिसके बारे में आप जानते हैं कि यह लागू वित्तीय नियंत्रण या स्थापित प्रक्रिया या अभ्यास के अनुसार नहीं है, तो यह आपका कर्तव्य है कि आप इसके बारे में अपने व्यवसाय इकाई के भीतर उपयुक्त व्यक्ति को या नैतिकता और अनुपालन हॉटलाइन के माध्यम से रिपोर्ट करें।

### 8.4 बौद्धिक सम्पदा

बौद्धिक संपदा एक महत्वपूर्ण कंपनी संपत्ति है जो हमें हमारे प्रतिस्पर्धात्मक लाभ, हमारी प्रतिष्ठा और हमारे ब्रांड को बनाए रखने में मदद करती है, और इसे संरक्षित होना चाहिए। बौद्धिक संपदा के उदाहरणों में शामिल हैं:

Gates और अन्य ब्रांड नाम;
उनके संबद्ध लोगो;
पेटेंट;
ट्रेडमार्क;
कॉपीराइट;
व्यापारिक रहस्यों सहित गोपनीय जानकारी;
अवधारणाएं, आविष्कार और उत्पाद विकास;
विनिर्माण प्रक्रियाएं और तकनीकी जानकारी; तथा
प्रतिस्पर्धी विश्लेषण, योजना और रणनीति।

हमारे ट्रेडमार्क और लोगो का उपयोग केवल कंपनी की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार किया जाना चाहिए।

आपको हमेशा Gates की बौद्धिक संपदा की रक्षा करनी चाहिए और दूसरों के बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन से बचना चाहिए। यदि आप कंपनी में अपने रोजगार के दौरान कोई आविष्कार या खोज करते हैं, तो आपको अपने पर्यवेक्षक को इस बारे

में अवगत  कराना चाहिए और आपको ऐसे आविष्कारों या खोजों को Gates से संबंधित गोपनीय बौद्धिक संपदा के रूप में समझना चाहिए। इन  आविष्कारों या खोजों को लागू कानून के तहत  पंजीकरण या फाइलिंग द्वारा संरक्षण की आवश्यकता हो सकती है।

Gates की बौद्धिक संपदा के किसी भी दुरुपयोग या उल्लंघन के बारे में अपने व्यवसाय इकाई के भीतर उपयुक्त व्यक्ति को, Gates के कानून विभाग या नैतिकता और अनुपालन हॉटलाइन के माध्यम से रिपोर्ट करें।

## 9. सरकारी जाँच-पड़ताल और जानकारी अनुरोध

सरकारी जांचकर्ताओं के हर  उचित अनुरोध में सहयोग करना हमारी नीति है। यदि किसी सरकार या सरकारी एजेंसी का कोई प्रतिनिधि आपका साक्षात्कार करना चाहता है या जांच के प्रयोजनों से डेटा या दस्तावेजों को देखने का अनुरोध करता है, तो आपको तुरंत प्रतिनिधि को अपने पर्यवेक्षक के पास भेज देना होगा, जिसे Gates कानून विभाग से परामर्श करना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में Gates के कानून विभाग से परामर्श करने से पहले आपको किसी भी एजेंसी या व्यक्ति को साक्षात्कार या कंपनी का डेटा या दस्तावेज प्रदान नहीं करना चाहिए। साथ ही आपको सभी सामग्रियों को, जो किसी भी लंबित या संभावित जांचों से संबंधित हो सकती हैं, को संरक्षित भी करना चाहिए, जिसमें भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों और ईमेल शामिल हैं लेकिन इतने तक ही सीमित नहीं हैं।

## 10. अनुपालन और रिपोर्टिंग

### 10.1 अनुपालन

जो भी कर्मचारी इस  संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन करेगा, वह  अनुशासनात्मक कार्रवाई का भागी होगा, जिसमें रोजगार की समाप्ति भी शामिल है। आपराधिक क़ानूनों की या इस  संहिता के तहत  लागू कानूनों की जानबूझ कर  अवहेलना करने पर  कंपनी को ऐसे उल्लंघनों के बारे में आपराधिक अभियोजन या नागरिक कार्रवाई के लिए उपयुक्त प्राधिकरण को सूचित करना अनिवार्य हो सकता है।

### 10.2 रिपोर्टिंग प्रक्रिया और अन्य पूछताछ

यदि आप मानते हैं कि ऐसी कार्रवाई जो इस  संहिता, यहां उल्लिखित नीतियों या किसी भी लागू कानूनी या नियामक अनिवार्यताओं या किसी भी लेखांकन, आंतरिक लेखा नियंत्रण या लेखा परीक्षा से सम्बंधित मामलों का उल्लंघन करती है या उल्लंघन करेगी, या हो चुकी है, हो सकती है या होने वाली हो सकती है, या यदि आपको किसी कार्रवाई के सम्बन्ध में मार्गदर्शन की आवश्यकता है, तो आपसे इसे कंपनी के ध्यान में लाए जाने की उम्मीद है। आप अपने प्रबंधक, अपने पर्यवेक्षी श्रृंखला के किसी अन्य व्यक्ति, आपके उपयुक्त मानव संसाधन प्रतिनिधि या Gates के कानून विभाग को रिपोर्ट करके ऐसा कर  सकते हैं। वास्तविक या संदिग्ध अवैध या अनैतिक व्यवहार के बारे में, और किसी विशेष स्थिति में कार्रवाई के सर्वोत्तम कार्यक्रम के बारे में संदेह में होने पर, आपको पर्यवेक्षकों और प्रबंधकों से बात करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।  मानव संसाधन विभाग का कोई भी पर्यवेक्षक, प्रबंधक या सदस्य, जो इस  संहिता, यहां उल्लिखित नीतियों या किसी भी अन्य लागू कानूनी या नियामक अनिवार्यताओं या किसी भी लेखांकन, आंतरिक लेखा नियंत्रण  या लेखा परीक्षा से सम्बंधित मामलों का उल्लंघन से सम्बंधित किसी संभावित वस्तुगत गैर-अनुपालन की रिपोर्ट प्राप्त करता है, उसे कंपनी की ऑडिट कमेटी / जनरल  काउंसिल को इसके बारे में तुरंत रिपोर्ट देनी चाहिए जैसा कि नीचे दिया गया है।

ऊपर वर्णित विधियों के अलावा, आप किसी उल्लंघन, संदिग्ध उल्लंघन या चिंताओं के बारे में निम्नलिखित तरीकों से भी बता सकते हैं:

(a) Gates Industrial Corporation plc को लिखित में, ध्यानार्थ:ऑडिट कमेटी / जनरल काउंसिल, 1144 फिफ्टीन्थ सेंट, सुइट 1400, डेनवर, कोलोराडो 80202;

(b) compliance@gates.com को ईमेल भेजकर;

(c) अपनी भाषा या स्थान के लिए उपयुक्त नंबर (टोल फ्री) पर कॉल करके जो कि संलग्न अनुलाग A में सूचीबद्ध है या जिसे gatescorp.ethicspoint.com पर देखा जा सकता है (जिसे जनरल काउंसिल या उनके पदनामित द्वारा समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है); या

(d) Gates के तीसरे पक्ष के प्रदाता के वेब पोर्टल gatescorp.ethicspoint.com पर जाकर या जनरल काउंसिल या उनके पदनामित द्वारा अनुमोदित किए गए किसी उत्तराधिकारी तीसरे पक्ष के प्रदाता के वेब पोर्टल पर जाकर।

आपको किसी भी उल्लंघन या संभावित उल्लंघन की अपने स्तर पर जांच नहीं करनी चाहिए और ऐसे काम को कंपनी के भीतर उपयुक्त व्यक्तियों पर छोड़ देना चाहिए।

कर्मचारी किसी भी उल्लंघन, संदिग्ध उल्लंघन या चिंताओं के बारे में खुलेआम, गोपनीय या गुमनाम रूप से रिपोर्ट कर सकते हैं, लेकिन कंपनी को उसका फालोअप करने में सक्षम बनाने के लिए पर्याप्त जानकारी (जैसे कि, कथित रूप से शामिल व्यक्तियों के नाम, गतिविधि का दिनांक और प्रकृति) प्रदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए। जब तक एक समुचित जांच का संचालन करने के लिए आवश्यक न हो या न्यायिक या अन्य कानूनी प्रक्रिया द्वारा मजबूर न किया गया हो, कंपनी यह सब नहीं करेगी (i) कोई भी व्यक्ति, जो एक रिपोर्ट देता है और अपनी पहचान गोपनीय रखने के लिए कहता है, उसकी पहचान उजागर, या (ii) गुमनाम रूप से एक रिपोर्ट देने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान का पता लगाने का कोई प्रयास, या किसी अन्य व्यक्ति या समूह द्वारा किए गए किसी भी प्रयास को सहन। कंपनी उस व्यक्ति, जिसके खिलाफ आरोप लगाया जाने वाला या लगाया गया है, जब तक कि यह निर्धारित नहीं हो जाता कि उल्लंघन हुआ है, तब तक उसकी पहचान की रक्षा करने का उचित प्रयास करेगी।किसी भी जांच में शामिल किसी भी व्यक्ति को, किसी भी क्षमता में, संभावित कदाचार के बारे में चर्चा नहीं करनी चाहिए या जांच से बाहर के किसी व्यक्ति को जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहिए जब तक कि कानून द्वारा ऐसा करना आवश्यक न हो या वह खुद कानूनी सलाह न मांगे, और किसी जांच में पूरी तरह से सहयोग करना अपेक्षित हो।

कोई अन्य इच्छुक पक्ष भी इस संहिता के अनुसार किसी उल्लंघन, संदिग्ध उल्लंघन या चिंताओं की रिपोर्ट कर सकता है। ऐसी किसी भी रिपोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति के नाम का उल्लेख अवश्य होना चाहिए।

न तो कंपनी, ऑडिट कमेटी और न ही कोई निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से धमकी, उत्पीड़न या किसी अन्य तरीके से भेदभाव या प्रतिशोध, की कार्यवाही नहीं करेगा, जो व्यक्ति एक सदिच्छा से, इस संहिता के अनुरूप एक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है या अन्यथा, किसी रिपोर्ट की जांच में किसी सरकारी, नियामक या कानून प्रवर्तन निकाय सहित ऑडिट कमेटी, प्रबंधन या किसी अन्य व्यक्ति या समूह की सहायता करता है। स्पष्टता के लिए, ये निषेध Gates Industrial Corporation plc और Gates Industrial Corporation plc की सहायक और सहयोगी कंपनियों पर लागू होते हैं, जिनकी वित्तीय जानकारी Gates Industrial Corporation plc के समेकित वित्तीय वक्तव्यों में शामिल होती हैं। हालाँकि, इन रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं का बदनीयती या झूठे या तुच्छ तरीके से उपयोग किया जाना इस संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। स्व-रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित किया जाता है और यदि आप उल्लंघन की रिपोर्ट करते

हैं और किसी तरह से उल्लंघन में शामिल भी हैं, तो Gates किसी भी उल्लंघन के संबंध में अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार करते समय स्वयं-रिपोर्ट को ध्यान में रखेगा।

## 11. अनुमोदन और छूटें; संशोधन; व्याख्या

इस संहिता के कुछ प्रावधानों के लिए, जब तक कि एक उपयुक्त व्यक्ति से पूर्व अनुमोदन प्राप्त न हो, आपको कार्य करने, या उसे क्रियान्वित करने से बचने की आवश्यकता होती है। कार्यकारी अधिकारियों के अलावा इस संहिता के अनुसरण में अनुमोदन के लिए अनुरोध करने वाले अन्य कर्मचारियों को ऐसी स्वीकृति के लिए सामान्य परामर्शदाता से अनुरोध करना चाहिए। कार्यकारी अधिकारियों और निदेशकों से संबंधित अनुमोदन बोर्ड या उसकी समिति से प्राप्त किया जाना चाहिए।

इस संहिता के अन्य प्रावधानों के लिए आपको किसी विशेष तरीके से कार्य करने या क्रियान्वित करने से बचने, और अनुमोदन प्राप्त करने के आधार पर अपवादों की अनुमति न देने की आवश्यकता होती है। कार्यकारी अधिकारियों और निदेशकों से संबंधित प्रावधानों में छूट केवल बोर्ड या उसकी समिति द्वारा ही दी जा सकती है। इस संहिता के तहत एक कार्यकारी अधिकारी या निदेशक को दी गई किसी भी छूट का तुरंत खुलासा किया जाएगा जैसा कि लागू प्रतिभूतियों कानूनों या स्टॉक एक्सचेंज नियमों द्वारा अनिवार्य है।

जनरल काउंसिल या उसके पदनामित इस संहिता में गैर-सारभूत परिवर्तन कर सकते हैं। इस संहिता में अन्य सभी परिवर्तन केवल बोर्ड द्वारा ही किए जा सकते हैं और उस रूप में प्रकट किया जाएगा जैसा कि लागू कानूनों के तहत अनिवार्य है।

कुछ स्थितियों में हो सकता है कि यह स्पष्ट नहीं है कि संहिता का कोई प्रावधान किसी विशेष आचरण पर लागू है या नहीं। ऐसी स्थिति में, इसकी व्याख्या करने की मांग होने पर, जनरल काउंसिल को संहिता की व्याख्या करने और मामलों को बोर्ड या उसकी एक समिति के पास भेजने की पूरी शक्ति और अधिकार है। बोर्ड या उसकी समिति द्वारा यह निर्धारित किया जाना कि संहिता कुछ आचरणों पर लागू नहीं होती है, संहिता की आवश्यकताओं में छूट नहीं माना जाएगा।

## अनुलाग A – Gates नैतिकता तथा अनुपालन हॉटलाइन के नंबर देश के अनुसार

| देश | भाषा | नंबर अनेक नंबरों को अर्धविराम से पृथक किया गया है |
|---|---|---|
| अर्जेंटीना | स्पेनिश/अंग्रेजी | 0-800-555-0906, 0-800-444-8084 |
| आस्ट्रेलिया | अंग्रेजी | 1-800-339276 |
| बहरीन | अरबी/अंग्रेजी | 800-000-00, 800-00-001, 800-000-05 |
| बेल्जियम | डच /अंग्रेजी | 0800-77004 |
| ब्राजील | पुर्तगाली/अंग्रेजी | 0800-8911667 |
| कनाडा | अंग्रेजी | 1-844-490-5805 |
| चीन | मेंडारिन/अंग्रेजी | 10-800-120-1239, 10-800-712-1239 |
| चेक गणराज्य | चेक/अंग्रेजी | 800-142-550 |
| फ्रांस | फ्रेंच/अंग्रेजी | 0800-902500 |
| जर्मनी | जर्मन/अंग्रेजी | 0800-1016582 |
| भारत | हिन्दी/तमिल/अंग्रेजी | 000-800-100-1071, 000-800-001-6112 |
| इंडोनेशिया | अंग्रेजी | 001-803-011-3570 या 007-803-011-0160 |
| इटली | इटालियन/अंग्रेजी | 800-786907 |
| जापान | जापानी/अंग्रेजी | 0066-33-112505, 00531-121520 |
| दक्षिण कोरिया | कोरियन/अंग्रेजी | 00798-14-800-6599, 00308-110-480, 00798-1-1-009-8084 |
| लक्जेम्बर्ग | अंग्रेजी | 800-2-1157 |
| मलेशिया | मलय /अंग्रेजी | 1-800-80-8641 |
| मेक्सिको | स्पेनिश/अंग्रेजी | 001-800-840-7907, 001-866-737-6850 |
| ओमान | अरबी/अंग्रेजी | ऑपरेटर से संपर्क करें, फिर डायल करें collect 1-844-490-5805 |
| पोलैंड | पोलिश /अंग्रेजी | 0-0-800-1211571 |
| रूस | रूसी/अंग्रेजी | 8-10-8002-6053011 |
| सऊदी अरबिया | अरबी/अंग्रेजी | 1-800-10 |
| सिंगापुर | अंग्रेजी | 800-1204201 |
| स्पेन | स्पेनिश/अंग्रेजी | 900-991498 |
| ताइवान | मेंडारिन/अंग्रेजी | 00801-13-7956 |
| थाईलैंड | थाई/अंग्रेजी | 001-800-12-0665204 |
| टर्की | तुर्किश/अंग्रेजी | 0811-288-0001 |
| संयुक्त अरब अमीरात | अरबी/अंग्रेजी | 8000-021, 8000-555-66, 8000-061 |
| यूनाइटेड किंगडम | अंग्रेजी | 0800-032-8483 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | अंग्रेजी | 1-844-490-5805 |